

# भगवान महावीर स्वामी की निकली शोभायात्रा

## बेगमगंज में पुष्पवर्षा से जगह-जगह हुआ स्वागत



**बेगमगंज , 30 मार्च. नगर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2624वीं जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई. प्रात: काल पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से चांदी की पालकी में सवार होकर भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई. शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई हजारीपुर मोहल्ला स्थित तीन मूर्ति दिगंबर जैन मंदिर पहुंची और वहां विश्राम के कुछ देर बाद वापस बड़ा मंदिर पहुंची. दोपहर में मंदिर के सामने स्थित विद्यासागर भवन में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई.**

भगवान महावीर के भव्य स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह तोरण द्वार सजाए गए थे. जैन धर्मालंबियों सहित सनातन धर्मालंबियों द्वारा भी शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया. भारी संख्या पुरुषों के साथ महिलाएं भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल रही. अपने आराध्य भगवान महावीर स्वामी की जयंती को लेकर जैन समाज में जबरदस्त उत्साह देखा गया. शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के जीवन से जुड़ी झांकियां आकर्षण का केंद्र रही. इन झांकियों को देखने के लिए शहर में जगह-जगह पर लोगों की भीड़ नजर आई.

कबीट चौराहा स्थित भगवान पारसनाथ दिगंबर बड़ा जैन मंदिर से निकाली शोभायात्रा नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई हदाईपुर स्थित त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर पहुंची. जहां पर भगवान महावीर स्वामी का भव्य पूजन अर्चन किया गया.

शोभायात्रा में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर, पार्षदगणों में अजय जैन , अजय जाट , प्रवीण जैन , गुलाब रजक, जैन समाज अध्यक्ष अक्षय सराफ , पूर्व नपाध्यक्ष शिखर चंद्र जैन , दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जैन लल्ला , राजकुमार जैन प्रिंस , जयकुमार जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज एवं सनातन समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए.

## सत्य, अहिंसा अपनाने का दिया संदेश



**बम्होरी, 30 मार्च. भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर बम्होरी नगर में जैन समाज द्वारा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई. इस अवसर पर नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया. सुबह से ही जैन समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया.**

समाजजनों ने अपने-अपने घरों में भगवान महावीर की पूजा-अर्चना कर शांति, अहिंसा और सद्भाव का संदेश दिया. इसके बाद जैन मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंगलाचार के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया. शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों झंडा चौक, मेन मार्केट, दिल्हारी बस स्टैंड, मेघनगर स्टैंड से होते हुए पुन: जैन मंदिर पहुंची. यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया. यात्रा में आकर्षक झांकियां, सजे-धजे रथ और भगवान महावीर के संदेशों को प्रदर्शित करते बैनर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे. डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा वर्ग उत्साहपूर्वक नृत्य करता नजर आया, वहीं भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह धार्मिक हो गया. महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर बड़ी संख्या में शामिल हुईं, बच्चे भी धार्मिक परिधान पहनकर भगवान महावीर के आदर्शों का संदेश देते दिखाई दिए. पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. इस अवसर पर जैन समाज के प्रमुख जनों ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश देते हुए समाज में भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की अपील की.

### महावीर स्वामी के जयकारों के साथ निकली वाहन रैली

**गैरतगंज, 30 मार्च.** भगवान महावीर स्वामी की जयंती जैन समाज द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई. इस अवसर पर समाजजनों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए. भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से वाहन रैली निकाली गई. दोपहर बाद नगर के बाजार चौक स्थित बड़ा जैन मंदिर से डीजे अखाड़ों के साथ शोभायात्रा विमान जी के साथ निकाली गई. शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए टेकापार स्थिति जैन धर्मशाला पहुंची, जहां भगवान महावीर स्वामी की पूजन की गई. वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह से भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों को आत्मसात करने की अपील की. कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभु राम चौधरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू, वरिष्ठ समाज सेवी शिखरचंद जैन, टेकचंद जैन, सुरेश चंद नायक , उत्तम जैन, शेरसिंह यादव दाऊ, सुभाष चंद जैन, नप उपाध्यक्ष अशोक सिह ठाकुर, विजय कुमार जैन, हरिकृष्ण गौर, प्रबंध ठाकुर, संजय जैन, मोनू जैन,पराग जैन, प्रमोद जैन, संदीप जैन, लालू ,सतीश जैन, पवन सहित भारी संख्या में समाजजन शामिल हुए.



## शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल



**सिलवानी, 30 मार्च. सिलवानी में सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महामहोत्सव पर जैन समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया. धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ निकली इस शोभायात्रा में सिलवानी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल शामिल हुए.**

इस दौरान विधायक देवेंद्र पटेल ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर श्रीफल भेंट का पूजन एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया. साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलमणि शाह बाबा साहब ने भी भगवान महावीर स्वामी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया. शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं. यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया. इस अवसर पर विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का सत्य और अहिंसा का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना प्राचीन काल में था. उनके आदर्श और उपदेश मानव समाज को सदैव सही दिशा दिखाते रहेंगे. कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलमणि शाह सहित जैन समाज के वरिष्ठजन मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे. पूरे आयोजन के दौरान नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा.

## हनुमान जयंती पर निकलेगी वाहन रैली



**रायसेन.** रायसेन में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी. इसकी तैयारी शुरू हो गई है. हनुमान जयंती को लेकर लोगों में खासा उत्साह है. बजरंग दल अध्यक्ष रवि खत्री द्वारा तैयारी की जा रही है. सुबह पाटन देव हनुमान मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी. शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए रैली चोपड़ा श्री हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी जहां महा आरती का आयोजन होगा. हनुमान जयंती पर शोभायात्रा भी निकाली जाएगी. इसकी तैयारी भी की गई हैं. दोनों ही समिति के पदाधिकारीयों ने एसडीएम मनीष शर्मा, एचडीओपी प्रतिभा शर्मा, नगर निरीक्षक नरेंद्र गोयल से कार्यक्रम को लेकर चर्चा की तथा उनका स्वागत किया. श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रायसेन रायसेन नगर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है आयोजकों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है. तैयारियों को लेकर मंगलवार को नगर की बैठक रखी गई है, जिसमें वाहन रैली को लेकर चर्चा की जाएगी. पाटन देव हनुमान मंदिर शाम को 7 :30 बजे पहुंचने की अपील की गई है.

### एक नजर में

### भूकंप पूर्व तैयारी को लेकर दिया पांच दिन का प्रशिक्षण

**रायसेन, 30 मार्च.** रायसेन में भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन तथा ध्वस्त ढांचा, खोज एवं बचाव विषय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में 5 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ. वन परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण में होमगार्ड सैनिक, एसडीआरएफ, पुलिस विभाग के जवान सहित स्कूल प्राचार्यों ने सहभागिता की. कार्यक्रम में एसएलआर राजेश राम, उमेश तिवारी जिला सेनानी होमगार्ड, जितेंद्र दुबे राजस्व निरीक्षक, देवीसिंह परते, ए. खान प्लाटून कमांडर होमगार्ड , सिविल सर्जन आदि उपस्थित रहे. पहले दिन आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल से आए तकनीकी विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा , दूसरे दिन खान प्लाटून कमांडेंट एसडीआरएफ , तीसरे एवं चौथे दिन में इंजीनियर तुषार भोपाल ने प्रशिक्षण दिया. इस दौरान प्रतिभागियों को आपदाओं का परिदृश्य एवं प्रबंधन, भूगर्भिक, भूकंप आपदाओं का परिचय, भूकंप प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा, समुदायों को तैयार करना, क्या करें और क्या न करें, ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव, बाहरी कौशल संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया.



### जल गंगा संवर्धन में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**गैरतगंज, 30 मार्च.** जल गंगा संबर्धन अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर के बस स्टैंड पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ स्थानीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चौधरी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गर्मी में आमजन, राहगीरों एवं जरूरतमंदो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है. यह कार्य न केवल सेवा का प्रतीक है बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़सने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है. इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजू, नप उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, हरिकृष्ण गौर, प्रबंध ठाकुर, शिखरचंद जैन, सुभाषचंद जैन, मानसिह भूरा आदि मौजूद थे.

### मानस भवन में श्रीहनुमत कथा आज से

**भोपाल, 30 मार्च.** श्री हनुमान जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर मानस भवन में मंगलवार 31 मार्च से 2 अप्रैल तक श्रीहनुमत कथा का शुभारंभ होगा. सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं भागवताचार्य पंडित श्यामजी मनावत के हनुमानजी जी पर प्रवचन करेंगे. 31 मार्च और 1 अप्रैल को प्रवचन शाम 6.30 बजे होंगे. 2 अप्रैल को मानस भवन परिसर में श्रीसिद्ध रघुनाथ मंदिर में सुंदरकांड पारायण सुबह 10 बजे से आयोजित होगा. दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक प्रवचन होंगे. इसके बाद 1.30 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि इस प्रवचन श्रृंखला के आयोजन को सतत् समारोह पूर्वक मनाने के लिये संध्या पुरी एवं संजीव कुमार पुरी ने 25 लाख रुपये तुलसी मानस प्रतिष्ठान को दान स्वरूप प्रदान किए हैं, इस जमा राशि से प्रतिवर्ष मिलने वाले ब्याज से यह समारोह मनाया जा रहा है.

## ट्रक से भिड़ी स्कूटी, आरक्षक की मौत

### एसपी के स्टेनोग्राफर गंभीर रूप से घायल , भोपाल रेफर

**रायसेन, 30 मार्च. जिला मुख्यालय रायसेन में रविवार रात 12.30 बजे रायसेन बायवास गोपालपुर चौराहे पर खड़े एक ट्रक से स्कूटी सवार आरक्षक एवं एसपी के स्टेनोग्राफर टकरा गए. इस हादसे में युवा आरक्षक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. स्टेनोग्राफर गंभीर रूप से हुए घायल है. उन्हें भोपाल रेफर किया गया है.**

एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे ने बताया कि बीती रात करीब 12:30 बजे स्कूटी से गोपालपुर चौराहे से वापस पुलिस लाइन रायसेन स्थित अपने आवास पर एसपी के स्टेनोग्राफर ललित मार्को एवं आरक्षक नमन मुदगल (23) निवासी नर्मदापुरम लौट रहे थे. उनकी स्कूटी की वहां खड़े एक ट्रक से भिड़त हो गई.



इस घटना में स्कूटी चला रहे आरक्षक नमन मुदगल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि स्टेनोग्राफर ललित मार्को को बुरी तरह घायल हो गए.

खबर मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे , रायसेन थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले गए. डॉक्टर ने नमन मुदगल को मृत घोषित कर दिया, स्टेनोग्राफर ललित मार्को की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर किया गया है.

> **बाल आरक्षक के रूप में हुई थी नियुक्ति**
>
> आरक्षक नमन मुदगल के पिता दुर्गाप्रसाद मुदगल प्रधान आरक्षक थे और वे भी इकलौते थे और उनकी तीन बहनें है. पिता की आकस्मिक मौत के बाद उनके इकलौता पुत्र 14 वर्षीय नमन मुदगल की बाल आरक्षक के पद पर रायसेन एसपी ऑफिस में अनुकंपा नियुक्ति हुई थी. वे तभी से यहीं एसपी ऑफिस में पदस्थ थे. पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.

## 'रिदम 2 के 26' का शानदार आगाज़

**भोपाल, 30 मार्च.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'रिदम 2 के 26' का शुभारंभ चल समारोह और ढोल-धमाकों के साथ हुआ. जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं राजसी वेशभूषा के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. प्रशासनिक भवन से शारदा सभागार तक निकले इस चल समारोह में रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक झांकियों और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया. उद्घाटन अवसर पर दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और अतिथियों के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई. सोमवार को 'बौद्धिक प्रतियोगिता', 'मानव कैनवास (बॉडी एवं फेस पेंटिंग)', 'द मेट देसी (राजसी संस्करण फैशन शो)' और 'फोकस ऑन अर्थ (प्रकृति छायांकन)' जैसे कार्यक्रम हुए.

## सलामतपुर में स्ट्रीट डॉग ने 12 लोगों को काटा

### 15 दिन से नही एंटी रेबीज इंजेक्शन, पीड़ित परेशान


**सलामतपुर, 30 मार्च. सलामतपुर कस्बे में और राजीवनगर बस्ती में एक स्ट्रीट डॉग ने 12 लोगों को काट लिया. इसमें बड़े, बच्चे, महिलाएं और पालतू जानवर भी शामिल है. घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है.**


डॉग ने सबसे पहले राजीवनगर बस्ती में जमकर आतंक मचायाङ यहां घर के बाहर बैठे बड़े लोगों, पैदल जा रही महिलाओं और घर के बाहर खेल रहे बच्चों को हाथ, पैर में काट लिया. जिसके बाद डॉग सलामतपुर पहुंचा और राशन की दुकान के बाहर राशन लेने आए हितग्राहियों और उनके बच्चों को अपना निशाना बनाया. सभी लोग जब सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां पर कोई भी डॉक्टर नहीं मिला. फिर पीड़ित सांची सिविल अस्पताल पहुंचे तो वहां पर पता चला कि 15 दिन से पूरे ब्लॉक में ही एंटी रेबीज का इंजेक्शन उपलब्ध ही नही है. सभी लोगों ने विदिशा जिला चिकित्सालय पहुंचकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया.



### इन लोगों को स्ट्रीट डॉग ने काटा

डॉग ने संजय रैकवार, राधेश्याम पाल, शेखू खान, कृष्ण सेन, बबिता बाई, कन्नू विश्वकर्मा, रोहित, राशिद खान, भगवान सिंह, शेरू मालवीय, समीर, मोहित, जगदीश पाल की बकरी सहित एक गाय को सलामतपुर में निशाना बनाया है.





> पूरे सांची ब्लॉक में ही एंटी रेबीज का इंजेक्शन उपलब्ध नही है. जबकि स्ट्रीट डॉग के काटने के सबसे ज़्यादा मामले यहीं होते हैं. कई बार जिला चिकित्सालय को समस्या से अवगत करा चुके हैं. लेकिन समाधान नही हुआ.
>
> **डॉ रवि राठौर,** सीबीएमओ सांची.

> मम्मी के साथ मेरा बेटा कृष्ण सेन राशन लेने सरकारी दुकान गया था. वहां पर बाहर खड़े होने के दौरान पागल कुत्ते ने बेटे के हाथ पर हमला कर ज़ख्मी कर दिया. जब अस्पताल पहुंचे तो वहां पर एंटी रेबीज़ का इंजेक्शन ही नही मिला. परेशान होकर विदिशा जाना पड़ा.
>
> **महेश सेन,** पीड़ित राजीवनगर.

**प्रदर्शन** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

## पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत को लेकर दिया ज्ञापन

**बेगमगंज, 30 मार्च. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गैस, पेट्रोल की समस्या और महंगाई को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे देश में पेट्रोल-डीजल सहित रसोई गैस की बढ़ती किल्लतों के चलते आमजन त्रस्त हो गया है.**

ज्ञापन में कहा कि रसोई गैस नहीं मिल रही है. उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठाना पड़ रही है. साथ में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं में भी लगातार वृद्धि से आमजन महंगाई के बोझ तले दब रहा है. ज्ञापन में कहा गया कि खरीफ की फसलों की कटाई तथा कृषि कार्य जोरों पर है. किसानों को पर्याप्त डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. साथ ही बिजली की दरों में वृद्धि के कारण आमजन पर बोझ बढ़ गया है.



ब्लॉक कांग्रेस ने मांग की कि पर्याप्त पेट्रोल ,डीजल एवं गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं. बिजली की दरों में भी बढ़ोतरी को तत्काल वापस किया जाए. ज्ञापन में चेतावनी दी कि आमजन के इस संकट के विरोध में कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. जिसकी जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा. ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह तोमर, ग्रामीण अध्यक्ष जाहर सिंह लोधी, प्रताप सिंह जाट, विजय पहलवान, प्रकाश पटेल, राजकुमार शुक्ला, माधव सिंह सोलंकी, अवधेश पटेल, नासिर नबाब, सगीर अली, साकिर मंसूरी, जफर शाह, किशोर तिवारी, पीडी नेमा, रेहान नाग, राकेश सिंगाजी, सौरभ शर्मा, नीरज यादव, सोनू राय, शैतान सिंह साहू, आदित्य पटेल, गोकुल साहू, मुजाहिद अहमद, प्रदीप कारोलिया, शिव सेन, आयुष्मान पठ्या, बासु समैया, हेमंत गौर, हर्ष गुप्ता आदि शामिल हैं.